# लोक शिक्षण संचालनालय

ब्लॉक –"C" इन्द्रावती भवन,

अटल नगर, रायपुर छत्तीसगढ़

ई–मेल schoolscholarship717@gmail.com दूरभाष नं 0771– 2511192 फैक्स 0771–24445215


क्र./57–2/छा.वृ./छ.ग.म.दु.यो./2024–25/238 नवा रायपुर, दिः 23/10/2024

प्रति,

**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़**

**विषय :–** छ.ग. महतारी दुलार योजना–2021 अंतर्गत सत्र 2024–25 से छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन करने में आ रही समस्या के संबंध में।

**संदर्भ :–** **कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव का पत्र क्र.** 520 दिनांक 15.10.2024

– – –:0:– – –

विषयांतर्गत छ.ग. महतारी दुलार योजना–2021 अंतर्गत सत्र 2024–25 से छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन करने हेतु निवास प्रमाण पत्र को योजना की छ.ग. राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 289 दिनांक 22 मई 2021 के अधिसूचना अनुसार **पात्रता की शर्ते** हेतु दिशा–निर्देश की कंडिका 4(i) अनुसार ''**छत्तीसगढ़ का निवासी हो**'' अनिवार्य है। संदर्भित पत्र द्वारा यह संज्ञान में लाया गया है कि ऑनलाईन निवास प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज में कक्षा 5वीं की अंकसूची लगती है, इसलिए उक्त योजना अंतर्गत जिलें के कक्षा 1ली से 4थी तक के पात्र विद्यार्थियों का निवास प्रमाण–पत्र नही बनने के कारण योजनांतर्गत ऑनलाईन आवेदन नहीं कर पा रहे है।

अतः पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित किये जाने हेतु छात्रहित में निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है:–

1/ ऐसे पात्र विद्यार्थी (विशेषतः कक्षा 1ली से 5वीं तक) जिनका ऑनलाईन निवास प्रमाण पत्र न बन पा रहा हो, वह अपने रक्त संबंध मे माता/पिता/भाई/बहन का ऑनलाईन बना निवास प्रमाण पत्र का ARN No. ऑनलाईन आवेदन करते समय उपयोग मे ला सकता है परन्तु योजना का लाभ सतत लेने के लिए उन्हें कक्षा 6वीं में ऑनलाईन निवास प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य होगा।

2/ 6वीं से 12वीं तक के विद्याथियों के निवास प्रमाण पत्र प्राथमिकता से तैयार किये जाने हेतु जिला कलेक्टर के माध्यम से सर्व संबंधित को निर्देशित करावें।

**(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**उप संचालक** 23/10/24
**लोक शिक्षण छत्तीसगढ़**
**छत्तीसगढ़**

पृ.क्र./57–2/छा.वृ./छ.ग.म.दु.यो./प्रथम अनु./2024–25/239 नवा रायपुर, दिः 23/10/2024

**प्रतिलिपि–**

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ।
2. समस्त संयुक्त संचालक, संभागीय कार्यालय छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ।
3. श्रीमती ललिता वर्मा, वैज्ञानिक–'सी', मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक प्रावधान हेतु।

**उप संचालक**
**लोक शिक्षण छत्तीसगढ़**
**छत्तीसगढ़**

E:\SS\CGMDY\2023-24\CGMDY Letters.Docx